जनजाति अनुसंधान एवं विकास संस्था, भोपाल म0प्र0
35, श्यामला हिल्स, भोपाल

क्रमांक/प्रकाशन/2021–22/ 646

भोपाल, दिनांक 19-9

प्रति,

कुलपति

PUNJAB UNIVERSITY
BLOCK-4
SECTOR 14, CHANDIGARH
160014

विषय : संस्था द्वारा प्रकाशित छह माही शोध पत्रिका "बुलेटिन" हेतु जनजातीय विषयों से संबंधित आलेख भेजने बाबत्।

जनजाति अनुसंधान एवं विकास संस्था, मध्यप्रदेश शासन भोपाल, प्रदेश की सबसे प्राचीन संस्थाओं में से एक है। संस्था विगत कई वर्षों से जनजातियों के हितार्थ जनजातीय साहित्य का प्रकाशन कर रही है। इसी कड़ी में संस्था द्वारा जनजातीय विषयों से संबंधित छह माही शोध पत्रिका "बुलेटिन" का प्रकाशन भी कर रही है। जिसका लाभ प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर के शोधार्थियों द्वारा लिया जा रहा है। आपसे भी विनम्र अनुरोध है कि आपके विश्वविद्यालय के प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर एवं शोध छात्र/छात्राओं द्वारा जनजातीय विषयों पर मौलिक शोध आलेख तैयार कर उनकी साफ्ट कॉपी (M.S. Word, Kriti Dev Font) संस्था के ई–मेल trdibhopal@gmail.com या tribho@nic पर भेजने का कष्ट करें।

आपके माध्यम से प्राप्त शोध आलेखों को संस्था की समिति के समक्ष रखा जायेगा। समिति द्वारा मान्य होने पर प्रकाशन की कार्यवाही की जायेगी। इस हेतु मानदेय के रूप में राशि रुपये 1,000=00 (राशि रुपये एक हजार मात्र) का भुगतान एवं बुलेटिन की एक मानार्थ प्रति आपको भेजी जायेगी। मानदेय का भुगतान ई–पेमेंट के माध्यम से किया जायेगा। अतः बैंक अकाउण्ड की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध है।

आपको इस बात का भी प्रमाण–पत्र देना होगा कि जो आलेख आपके द्वारा भेजा गया है वह अन्य पत्रिकाओं में प्रकाशित नहीं हुआ है।

संस्था का एक जनजातीय संदर्भ पुस्तकालय भी है, जिसमें जनजातीय विषयों से संबंधित लगभग 24,000 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं। जिसका शोधार्थियों द्वारा काफी उपयोग किया जा रहा है। इस पुस्तकालय की एक विशेषता यह भी है कि इसमें कुछ दुलर्भ पुस्तकें हैं जो प्रदेश के अन्य किसी पुस्तकालय में उपलब्ध नहीं हैं। पुस्तकालय में शोधार्थियों के अध्ययन हेतु बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है। अतः आपसे विशेष अनुरोध है कि इस पुस्तकालय के बारे में जानकारी अपने समस्त शोधार्थियों के ध्यान में लाने का कष्ट करें।

संयुक्त संचालक/कार्यालय प्रमुख,
जनजाति अनुसंधान एवं विकास संस्था
भोपाल म0प्र0

Prof. Ashok Dy DSW
Pl. comment
20/9/21

Circulate to all Wardens
22/09/2021